भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 750

29 नवंबर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

राजस्थान के बारां में स्थित मेडिकल कॉलेज

750. श्री दुष्यंत सिंह:

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राजस्थान के बारां में स्थापित किए जा रहे मेडिकल कॉलेज के स्थान, बुनियादी ढांचा और प्रमुख विशेषताओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) राजस्थान में बारां मेडिकल कॉलेज के निर्माण और स्थापना के वित्तपोषण पैटर्न का ब्यौरा क्या है तथा राज्य सरकार और केन्द्र सरकार द्वारा क्रमशः कितना वित्तपोषण प्रदान किया गया है;

(ग) क्या बारां मेडिकल कॉलेज के परिचालन में कोई देरी हो रही है और यदि हां, तो देरी के क्या कारण हैं तथा कॉलेज कब तक परिचालित किए जाने की संभावना है;

(घ) बारां मेडिकल कॉलेज में संभावित विभागों और चिकित्सा पाठ्यक्रमों का ब्यौरा क्या है तथा योग्य चिकित्सकों और संकाय सदस्यों की उपलब्धता सहित स्टाफ के क्षमता निर्माण की क्या योजना है; और

(ङ) क्या मेडिकल कॉलेज में आपातकालीन आघात देखभाल सुविधाएं शामिल करने और राष्ट्रीय राजमार्ग 76 के निकट होने के कारण सड़क दुर्घटना के शिकार लोगों और अन्य आपातकालीन चिकित्सा मामलों की जरूरतों को यह मेडिकल कॉलेज पूरा करेगा और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) से (ङ): स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय 'मौजूदा जिला/रेफरल अस्पतालों से जुड़े नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना' के लिए एक केंद्र प्रायोजित योजना (सीएसएस) का संचालन करता है, जिसमें ऐसे अल्पसेवित क्षेत्रों और आकांक्षी जिलों, जहां कोई सरकारी या निजी मेडिकल कॉलेज नहीं है, को प्राथमिकता दी जाती है। केंद्र और राज्य सरकारों के बीच निधियों की हिस्सेदारी पूर्वोत्तर और विशेष श्रेणी

के राज्यों के लिए 90:10 के अनुपात में और अन्य के लिए 60:40 के अनुपात में है। योजना के तहत, दिनांक 13.01.2020 को राजस्थान के बारां के मेलखेड़ी रोड पर 325 करोड़ रुपये की अनुमोदित लागत से एक मेडिकल कॉलेज का अनुमोदन किया गया था। केंद्रीय हिस्सेदारी की 195 करोड़ रुपये की राशि में से, आज की तारीख तक 100 करोड़ रुपये की राशि राज्य सरकार को जारी की गई है। शैक्षणिक सत्र 2024-25 से 100 सीटों की प्रवेश क्षमता के साथ कॉलेज कार्याशील हो गया है।

स्कीम के दिशानिर्देशों के अनुसार, स्कीम के तहत अनुमोदित मेडिकल कॉलेजों की योजना, निष्पादन और कमीशनिंग राज्य सरकार द्वारा की जानी है। राजस्थान सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, प्रमुख अवसंरचनात्मक विशेषताएँ हैं: शैक्षणिक ब्लॉक, छात्र छात्रावास, डाइनिंग ब्लॉक, प्रिंसिपल आवास, शिक्षण आवास, गैर-शिक्षण आवास, रेजिडेंट हॉस्टल, इंटर्न हॉस्टल, नर्स हॉस्टल, चतुर्थ श्रेणी आवास और विकास कार्य आदि। अस्पताल भाग में अस्पताल ब्लॉक (जी+6), शवगृह आदि शामिल है। बारां मेडिकल कॉलेज की संकाय स्थिति निम्नानुसार है:-

स्वीकृत संख्या बल	**कार्यरत**	**रिक्त**
85	19	66

******